## खबर संक्षेप



### श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का सुनाया प्रसंग

**सिलौंडी।** ग्राम गौरा में विगत 18 वर्षो से चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ ,एवं श्रीमद् भागवत पुराण,की संगीतमय चल रहा है। कथावाचक मानवेन्द्र शास्त्री ने बताया कि सुदामा और श्री कृष्ण की दोस्ती तो वाकई अद्भुत थी। दोनों बचपन के दोस्त थे और उनकी दोस्ती ने समय और परिस्थितियों की परवाह नहीं की। सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे, जबकि श्री कृष्ण एक राजा थे लेकिन उनकी दोस्ती में कभी कोई फरक नहीं आया।श्री कृष्ण ने सुदामा की गरीबी को कभी नहीं देखा, उन्होंने हमेशा अपने दोस्त को सम्मान और प्यार दिया। सुदामा भी अपने दोस्त के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। उनकी दोस्ती की कहानी हमें सिखाती है कि सच्ची दोस्ती में कोई भेदभाव नहीं होता, और प्यार और सम्मान ही सबसे बड़ा धन है। भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय ,सतेंद्र राय,विजय राय ने कथावाचक का सामान कर आशीर्वाद लिया रात्रिकालीन में ग्राम गौरा के नवयुवकों द्वारा आयोजित श्री रामलीला का मंचन गोसलपुर के कलाकारों द्वारा किया गया। उपस्थित भक्तगण सतेंद्र राय, मनीष दहायत, प्रह्लाद राय महेन्द्र सिंह, अंगद प्रसाद तिवारी, देवीसिंह बागरी, ओंकार बागरी, राजेंद्र तिवारी ,भूरा विश्वकर्मा व समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### झंडा चौक पर बाहर निकली सरिया से हादसे का खतरा



**उमरियापान।** नगर के हृदय स्थल झंडा चौक पर पिछले दो महीनों से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निजी कंपनी द्वारा केबिल डालने के लिए सड़क खोद दी गई, लेकिन कार्य के बाद सड़क को व्यवस्थित नहीं किया गया।बीते सप्ताह दुबारा सड़क को खोदा। खुदाई के दौरान सड़क से लोहे की नुकीली सरिया बाहर निकल आई, जो अब हादसों का कारण बन रही है। राहगीरों के पैर में सरिया लगने से चोटें आ रही हैं, वहीं वाहन चालकों को भी आवागमन में दिक्कत हो रही है। सड़क पर फैली गिट्टियां भी उछलकर लोगों को घायल कर रही हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत तो रात के समय होती है, जब अंधेरे में ये नुकीली सरिया दिखाई नहीं देतीं और बाइक सवारों व पैदल चलने वालों के लिए खतरा और बढ़ जाता है। व्यस्ततम मार्ग होने के कारण यहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। निजी कंपनी और पीडब्ल्यूडी विभाग की बेपरहवाही सामने आई है। समाजसेवी नमन चौरसिया ने पहल करते हुए बाहर निकली सरिया को कटवाया हैं।

## सोना बेकरी एवं तेल गोदाम-कारखाने पर छापा, संयुक्त टीम की जांच में भारी अनियमितताएं उजागर

# दांव पर सेहत: फंगस लगी मिली ब्रेड, तेल में भी खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट और मिथ्याछाप खाद्य सामग्री विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश के पालन में शनिवार को कुठला स्थित उत्तम ट्रेडर्स कटनी प्रोप्राइटर अतुल सचदेवा के खाद्य तेल गोदाम और कारखाने की जांच की गई।इस दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री प्रमोद चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की संयुक्त टीम ने प्रोप्राइटर अतुल सचदेवा के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। मौके पर कारखाने में विभिन्न खाद्य तेलों की पैकेजिंग गतिविधियां संचालित पाई गईं।

जांच के दौरान गोदाम में कई नामी ब्रांडों के भरे एवं खाली टीन और प्लास्टिक डिब्बों का भारी स्टॉक मिला। इनमें सुपरलाइट रिफाइंड कुकिंग ऑयल, केसरी पुष्प राइस ब्रान ऑयल, कली रिफाइंड ऑयल, उत्तम सोयाबीन ऑयल, यूटी उत्तम सोयाबीन, महाकोश सोयाबीन, सिक्का सरसों, दो फूल सरसों, न्यूट्रीप्लस पाम ऑयल, विश्वास राइस ब्रान ऑयल सहित अन्य ब्रांड शामिल हैं। साथ ही तुलसी, किंग्स, प्रभात, कमल फूल, जय गोल्ड और सेवन सेहत जैसे ब्रांडों के खाली डिब्बे भी बड़ी मात्रा में पाए गए।

मौके पर विभिन्न ब्रांडों के स्टिकर भी बड़ी मात्रा में मिले, जिससे उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग को लेकर संदेह की स्थिति बनी। गोदाम में बैतूल ऑयल लिमिटेड, सतना से आया लगभग 24.920 मीट्रिक टन तेल से भरा टैंकर खड़ा पाया गया, वहीं चंदिया भेजे जाने हेतु एक अन्य टैंकर भी लोड स्थिति में मिला। इसके अलावा गुरुकृपा प्लास्टिक कंपनी, सतना से खाली डिब्बों से लदी गाड़ी भी मौके पर मौजूद थी।

निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। तेल की गुणवत्ता जांच हेतु कोई प्रयोगशाला या तकनीकी स्टाफ भी उपलब्ध नहीं मिला। परिसर में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई तथा नापतौल विभाग से संबंधित स्टाम्पिंग दस्तावेज भी अनुपस्थित थे।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न ब्रांडों के तेल के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जांच दल में तहसीलदार अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार आशीष चतुर्वेदी, सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, ओ.पी. साहू, ब्रजेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### फंगस लगी ब्रेड को कराया नष्ट

शनिवार को कटनी नगर के खिरहनी स्थित सोना बेकरी' (ब्रेड फैक्ट्री) पर जिला प्रशासन की टीम ने औचक निरीक्षण किया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट साक्षी शुक्ला की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा एवं उनकी टीम ने फैक्ट्री परिसर की जांच की। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में स्वच्छता का अभाव पाया गया जिसके बाद तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान टीम ने गुणवत्ता की जांच हेतु टोस्ट और ब्रेड के चार-चार अलग-अलग सैंपल एकत्र किए गए। साथ ही फैक्ट्री में पृथक रखी हुई 26 कैरेट फंगस लगी ब्रेड (प्रति कैरेट 40 नग) पाई गई। स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक होने के कारण इस पूरे स्टॉक को मौके पर ही जब्त कर तत्काल नष्ट करवा दिया गया।

### मिलावटखोरी पर कड़ी कार्यवाही

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटी या अमानक खाद्य सामग्री बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आम जनमानस के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली इकाइयों पर भविष्य में भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# अधिकारी बने शिक्षक, बच्चों को सिखाए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्कूल चलें हम अभियान के तहत शासन के निर्देश पर शासकीय स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिले के प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि अलग-अलग सरकारी स्कूलों में पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूली बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ अपने अनुभव साझा किए। छात्रों से संवाद कर उन्हें बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशपर जिले के 87 अधिकारियों ने 100 से अधिक शासकीय विद्यालयों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अधिकारियों ने बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

झिंझरी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।उन्होंने बच्चों से उनके सपनों के बारे में पूछा और उन्हें जीवन में एक ठोस लक्ष्य तय करने की प्रेरणा दी।सीईओ श्रीमती कौर ने बच्चों के साथ समय बिताने के अलावा स्कूल में मिलने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का भी सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इसके अलावा सीईओ श्रीमती कौर शासकीय उच्चगतर माध्यंमिक विद्यालय तेवरी में भी आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं।

नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने शासकीय मॉडल उच्च तर माध्यमिक शाला कटनी में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से करियर एवं जीवन से जुड़ी सीख दी।

### 'निजी स्कूलों जैसी हो पढ़ाई'

शासकीय माध्यमिक शाला रॉबर्ट लाइन में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने शिक्षकों और छात्रों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे स्वयं तो आएँ ही, साथ ही स्कूल न आने वाले अपने साथियों को भी साथ लेकर आएं। श्री अग्रहरी ने निर्देशित किया कि विद्यालय पूरे समय संचालित हों और सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों की तर्ज पर उच्च स्तरीय अध्यापन कराया जाए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने पीएम श्री विद्यालय सलैया फाटक का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने निःशुल्क पुस्तक वितरण की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को घर-घर जाकर पालकों से मिलें और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होने कहा कि पालकों को समय-समय पर स्कूल बुलाकर विद्यालय की गतिविधियों और बच्चों की प्रगति से अवगत कराया जाए। अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने शासकीय उमावि वेंकट वार्ड और शासकीय ईपीएस खिरहनी, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी शासकीय ईपीएस कुठला में बच्चों को सफलता के मंत्र बताये।

## तीन वार्डों में 36 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



विधायक संदीप जायसवाल की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास निधि से स्वीकृत 36 लाख रुपये की लागत से तीन वार्डो में 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन शनिवार को मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल एवं निगमाध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नगरपालिक निगम अंतर्गत विभिन्न वार्डों में करीब 36 लाख रुपये से जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया उनमें लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 10 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण, आचार्य विनोबा भावे वार्ड में 13 लाख की लागत से दो स्थलों में सीसी नाली निर्माण तथा शिवाजी वार्ड में 9 लाख रुपये की लागत से दो सीसी रोड व 4 लाख की लागत से नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं।

# ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत अब मृत, वृद्ध व दिव्यांग किसानों के वारिसों को भी आसानी से मिलेगा उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के किसानों के लिए उर्वरक की प्राप्ति को सुगम बनाने हेतु शासन द्वारा 'ई-विकास' (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब उन किसान परिवारों को भी खाद मिल सकेगी जहाँ भू-स्वामी की मृत्यु हो चुकी है और भूमि का नामांतरण लंबित है या किसान शारीरिक रूप से केंद्र तक आने में असमर्थ हैं। ऐसे किसान जिनकी मृत्यु के उपरांत भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है, के संबंध में मृत किसान परिवार के सभी उत्तराधिकारी सदस्यों की सहमति पत्र के आधार पर किसी एक व्यक्ति को नॉमिनी के रूप में मान्य किया जाएगा।इसके लिए नॉमिनी द्वारा उर्वरक हेतु ई-टोकन के लिए निर्धारित पारूप में जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा।

ऐसे शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृध्द किसान, जिनके आधार डाटाबेस में मोबाईल नंबर अपडेट और सत्यापन संभव नहीं है, उनके परिवार के किसी सदस्य द्वारा उन्हे नामिनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए नॉमिनी द्वारा उर्वरक हेतु ई-टोकन के लिए निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूपों में जानकारी दर्ज करने के बाद, नॉमिनी किसान द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। नॉमिनी किसान द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आधार सत्यापन पश्चात निर्धारित प्रारूप मंय जानकारी दर्ज करने के उपरांत संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा दर्ज जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद ही संबंधित किसान ई-टोकन जनरेट कर सकेगा।

ई-विकास पोर्टल पर जाकर अधिकृत किसान की आधार संख्या दर्ज की जाएगी। आधार सत्यापन के उपरांत अधिकृत कृषक द्वारा टोकन जनरेट किया जाएगा। इस टोकन की वैधता निर्धारित अवधि तक रहेगी। किसान जनरेट किए गए टोकन के साथ संबंधित सहकारी समिति या अधिकृत उर्वरक विक्रेता (समिति) के पास जाएगा। विक्रेता दवारा टोकन का सत्यापन कर उर्वरक वितरण किया जाएगा।

## स्लीमनाबाद स्कूल में डीपीसी ने विद्यार्थियों से संवाद कर बताये सफलता के गुर

# मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में प्रयास से किसी भी लक्ष्य को किया जा सकता है हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्कूल चले हम अभियान का आगाज 1अप्रेल से हो गया है। अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। शनिवार को सरकारी स्कूलों मै भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी व बीआरसी प्रशांत मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान डीपीसी व बीआरसी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया ओर उन्हें उनके भविष्य के लिए प्रेरित किया।

डीपीसी ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझौते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन ओर सही दिशा मै प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया ओर मन में उठ रहे विभिन्न सवालों को डीपीसी ओर बीआरसी के सामने रखा। डीपीसी ने प्रश्नों के सरल ओर प्रेरणादायक उत्तर दिए, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा।

### योग्यताओं की दी जानकारी

उन्होंने विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्पों ओर पुलिस सेवा में आने के लिए आवश्यक योग्यताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वहीं बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशे ओर गलत संगत से दूर रहने की सलाह भी दी। भविष्य के लिए बच्चों की तैयारी पर सभी बच्चों से संवाद किया,अपने जीवन के अनुभव साझा किये एवं सभी बच्चों को उपहार दिया और वृक्षारोपण किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक ओर प्रेरित करने वाला भी साबित हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय, सविनय तिवारी, कृष्णा दुबे, मल्लिका खान, उइके मेडम सहित स्कूल स्टॉफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी आधार कैंपों में करा सकेंगे आधार अपडेट

# कल से लगेंगे शिविर, स्कूलों में ही बनेंगे और अपडेट होंगे आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के स्कूलों में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आधार कैंप लगाकर विद्यार्थियों को आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। इसलिए विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 6 से 22 अप्रैल तक शिविर

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर इसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हित स्कूलों में 6 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच आधार कैंपों के आयोजन के लिए पृथक -पृथक तिथियां तय की गई हैं।इन कैंपों में छात्रों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अद्यतन न होने के कारण ई-केवाईसी से वंचित आवेदकों का भी आधार अद्यतन कराने का दायित्व संबंधित रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और पटवारी को सौंपा गया है। इसके लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण( यूआईडीएआई)द्वारा अपडेशन के लिए निर्धारित शुल्क संबंधित से लिया जायेगा।

### सूची अद्यतन करने निर्देश

शालाओं के प्रधानाध्याआपकों को निर्देशित किया गया है कि वे यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल से उन विद्यार्थियों की सूची अद्यतन कर लें जिनके आधार में एमबीयू पेंडिंग हैं। ऐसे विद्यार्थियों को आधार अपडेट कराने के लिये जागरूक किया जाए और उन्हें आधार कैंपों में बुलाया जाये। ताकि आधार अपडेट किया जा सके।

### इन आयु में अपडेट जरूरी

कलेक्टर श्री तिवारी की यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। जिसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आइरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है जब बच्चा 15 वर्ष का हो जाए। दूसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होता है।

अपडेटेड बायोमेट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसीलिए कलेक्टर ने जिले में समयबद्ध तरीके से विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत अपार आईडी (अपार आईडी) बनाने के निर्देश दिये हैं।अपार आईडी विद्यार्थियों को उनके सभी शैक्षणिक क्रेडिट, जैसे स्कोर कार्ड, मार्कशीट, ग्रेड शीट, डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित, प्रबंधित और एक्सेस करने में मदद करती है। यह आईडी शिक्षा जगत में छात्र के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करती है। अपार आईडी के लिए महत्वपूर्ण है कि स्कूलों द्वारा अपार आईडी बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले यूडीआईएसई-प्लस पोर्टल में दर्ज छात्र का नाम, आधार कार्ड में दर्ज नाम से मेल खाना चाहिए।

### अपडेटेड आधार की जरूरत

स्कूल एडमीशन, प्रवेश परीक्षा, स्कॉलरशिप और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रोग्राम जैसी सर्विस पाने के लिए स्टूडेंट के पास मौजूदा बायोमेट्रिक्स वाला आधार होना ज़रूरी है। स्टूडेंट्स के लिए सबसे नए बायोमेट्रिक्स वाला अपडेटेड आधार भी ज़रूरी है, क्योंकि एनटीए, यूपीएससी, जेईई, एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने और परीक्षा केन्द्रों में आगे एंट्री के लिए मोबाइल नंबर से जुड़ी आधार विवरण आवश्यनक होता है। अपडेटेड आधार से स्टूडेंट की अपार आईडी भी आसानी से बन जाती है।

# बच्चों की कम संख्या देख सीईओ ने जताई नाराजगी, उपस्थिति बढ़ाने एवं परिणाम सुधारने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने सिलौंडी कन्या प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि शिक्षण और पोषण गतिविधियों पर फोकस करें और स्कूलों के परिणाम सुधारने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने पाया कि विद्यालय में केवल 30 प्रतिशत बच्चे उपस्थित थे और पोषण व्यवस्था असंतोषजनक थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं और बेहतर योजना बनाकर शिक्षा और पोषण की गुणवत्ता सुधारें।

सिलौंडी में शसकीय कन्या प्राथमिक स्कूल का जनपद पंचायत सी ई यजुवेंद्र कोरी ने निरीक्षण किया । जहां पर प्रभारी प्राचार्य और अन्य अनुपस्थित शिक्षक की ब्लाक शिक्षा अधिकारी को भेजते हुए आवश्यक करवाई हेतु निर्देश दिया ।

मध्यान भोजन बनाने स्थान पर साफ सफाई नही होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया । सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय अतिरिक्त भवन में तुरंत सीढ़ी ना होने की जानकारी दी ।साथ ही स्कूल के शौचालय के खड्डा की दीवार गिरने से उसमें किसी भी छोटे बच्चा या जानकर गिरने खतरे के बारे जानकारी दी । जनपद पंचायत सीईओ ने तुरंत सुधार कार्य करने निर्देशित किया है बच्चों से पिछले साल के रिजल्ट के बारे में पूछा ।

इस दौरान जन शिक्षक संतोष बर्मन ,सचिव गुमान सिंह बागरी, सुनीता कुशवाह ,उर्मिला कुलस्ते ,धीरज जैन,अमरीश राय रहे ।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से जेवरात एवं नकदी ले गये चोर

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र में चोरी की घटना सामने आई हैं। चोरों ने एक सूने मकान से नकदी और जेवरात पार कर दिए। जानकारी के अनुसार उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम डोली मोहल्ला में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान में सेंधमारी की। प्रार्थी पुन्नू चौधरी ने पुलिस को बताया कि चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखे चांदी के जेवरात और 900 नकदी समेत कुल 22,000 की संपत्ति चोरी कर ली। घटना 2 और 3 अप्रैल की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। उमरियापान पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिना अनुमति बोरिंग करने पर मशीन और ट्रैक्टर किया जब्त

**कटनी।** जिले में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने अवैध बोरिंग के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। ताजा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ ग्राम पंचायत निवार झिंझरी के पास अवैध रूप से बोरिंग कर रहे लोगों पर पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मशीन को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि निवार झिंझरी ग्राम पंचायत के पास बिना किसी सक्षम अनुमति के बोरिंग मशीन का संचालन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही सउनि अंजनी मिश्रा की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस की अचानक दस्तक से वहां काम कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 AA 2622 और उसमें लगी भारी-भरकम रोटरी बोरिंग मशीन को अपने कब्जे में ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने शासन की ओर से कार्रवाई करते हुए रणजीत उर्फ पिन्टू मौर्य पिता जगदीश मौर्य निवासी पहाड़ी निवार। मनीष पाठक पिता मोहन पाठक निवासी माढ़ोताल जबलपुर के खिलाफ पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धारा 9 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के भू-जल का दोहन करना कानूनन अपराध है और ऐसी गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।अधिकारियों का कहना है कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जल संरक्षण के नियमों का उल्लंघन करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

### बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन प्रतिबंधित

**कटनी।** जिले में 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन प्रतिबंधित है। श्रम विभाग द्वारा श्रम स्टार रेटिंग के तहत बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाये जाने की स्थिति में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत संबंधित संस्थान को शून्य अंक दिये जाने की व्यवस्था की गई है एवं इस संबंध में सभी श्रम अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि ऐसे संस्थान जिनमें बाल श्रमिक अथवा बंधुआ श्रमिक नियोजित नहीं किये गए है, उनमें यदि अन्य मापदण्डों की पूर्ति थोडी कम भी हो, तो उन्हें भी श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जाये। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय द्वारा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत मामलों में जुर्माना 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तथा कारावास 6 माह से 2 वर्ष तक सजा का प्रावधान है। इसी प्रकार माननीय न्यायालय द्वारा बंधक श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत अधिकतम कारावास (3 वर्ष) की सजा या अधिकतम जुर्माना 2 हजार रूपये का प्रावधान है। बंधक श्रमिकों के पुर्नवास हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना 2021 में वयस्क पुरूष बंधक श्रमिक हितग्राहियों को एक लाख रूपये की पुनर्वास सहायता तथा अनाथ बच्चों (संगठित क्षेत्र अथवा बल पूर्वक कार्य) तथा महिला बंधक श्रमिकों को दो लाख रूपये की पुनर्वास सहायता दिये जाने के प्रावधान हैं वहीं शारिरिक शोषण अथवा मानव तस्करी से पीडितों को तीन लाख रूपये पुनर्वास सहायता दिये जाने के प्रावधान है।

### आंधी तो कभी बारिश से प्रभावित हो रहा कृषि कार्य, नुकसान का सता रहा डर

# मौसम बढ़ा रहा टेंशन, खेतों में पकी खड़ी फसल नहीं समेट पा रहे किसान

## किसानों की चार माह की मेहनत दांव पर, 50 फीसदी फसल अभी खेतों में खड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जिले में इस बार मौसम की प्रतिकूलता किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है। बार-बार मौसम बदलाव से गेंहू की फसल बारिश का सामना कर रही है। खेतों में फसल पक चुकी जिसकी कटाई-मिसाई का कार्य युद्स्तर पर जारी है।दिनरात किसान खेतो में फसल कटाई-मिसाई कार्य करवा रहे है लेकिन बिगड़ते मौसम के आगे किसान असहाय है।

बहोरीबंद विकासखण्ड में अभी भी करीब 50 प्रतिशत क्षेत्र में कटाई का इंतजार है। किसानों का कहना है कि एक माह पहले ही बारिश व तेज हवाओं से गेंहू की फसल खेतो में बिछ गई।दाने की चमक चली गई जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।मौसम बदला हुई बूंदाबांदी -शनिवार को एक बार फिर सुबह से ही मौसम मैं बदलाव हुआ।आसमान में घने बादल दिनभर छाये रहे।बीच_बीच मैं बूंदाबांदी भी हुई। देर शाम तो घने काले बादल आसमान मैं छा गएजिससे किसान चिंचित हो उठे व बारिश न हो इंद्रदेव को मनाने लगें। बूंदाबांदी का दौर शुरू होते ही किसान खेतो में उपज को बचाने मैं जुट गए।गेंहू के बोझों को एक स्थल पर एकत्रित करने लगे ताकि बारिश से ज्यादा गीले न हो।मौसम अभी भी कुछ दिन के लिए ठीक नहीं माना जा रहा है। ऐसे में किसानों की चिंता लगातार बनी हुई है।

किसानों का कहना है कि एक माह की स्थिति में फसल काफी अच्छी थी और काफी बेहतर पैदावार की उम्मीद बन रही थी लेकिन इन 15 दिनों में मौसम के बदलाव ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

#### बारिश से फसल हो जाएगी खराब

गौरतलब है कि विकासखण्ड बहोरीबंद में 25 हजार हैक्टेयर में रबी सीजन की खेती हई जिसमे 18 हजार हैक्टेयर में गेंहू की बोवनी हुई। किसानों का कहना है कि सप्ताह भर गेंहू की कटाई-मिसाई का कार्य पूर्ण हो जाएगा। क्योंकि अभी खेतो में फसल पकी खड़ी हुई है ।यदि मौसम का यही रुख बना रहा और अब आगे बारिश की मार पड़ी तो फसल पूरी तरह से खराब हो जाएगी।पहले भी बारिश में गेहूं की फसल जो आड़ी हो गई उनमें दाना पतला रह जाएगा और इससे वजन कम होगा एवं पैदावार भी प्रभावित होगी।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसएडीओ कृषि विभाग अमर सिंह एमा का कहना है कि विकासखण्ड में 50 से 60 प्रतिशत कटाई का कार्य हो चुका है। आगामी सप्ताह भर में कटाई-मिसाई का कार्य पूर्ण हो जाएगा। यदि मौसम ठीक रहा तो 15 अप्रैल तक विकासखण्ड में गेंहू फसल की कटाई-मिसाई कार्य पूर्ण हो जाएगा।यदि बारिश जोरदार हुई तो फिर गेंहू की फसल को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

## कन्हवारा में युवक की हत्या के मामले में आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के कन्हवारा गांव में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वजह जमीन-जायदाद के पुराने पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। गौरतलब है कि 1 अप्रैल को कन्हवारा के एक खेत में एक युवक की अधजली लाश मिली थी। मृतक की पहचान 24 साल के छब्बू कोल के रूप में हुई।

पुलिस ने शक के आधार पर खेत मालिक के बेटे आकाश लोधी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आकाश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी आकाश ने बताया कि उसके पिता और मृतक छब्बू की मां पिछले 20 सालों से साथ रह रहे थे। इसी वजह से छब्बू खुद को आकाश का भाई बताता था और खानदानी जमीन में आधे हिस्से की मांग करता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर गाली-गलौज और मारपीट होती रहती थी। घटना वाले दिन छब्बू शराब के नशे में था और उसने फोन करके आकाश को खेत पर बुलाया। वहां फिर से जमीन को लेकर बहस शुरू हो गई और छब्बू ने आकाश पर डंडे से हमला कर दिया। गुस्से में आकर आकाश ने पास पड़ी ईंट से छब्बू के सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सबूत मिटाने के लिए आकाश ने लाश को जलाने की कोशिश भी की थी।

पुलिस के अनुसार सख्ती से पूछताछ करने पर गुनाह मान लिया, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## राइस मिल से हजारों की मशीनरी पार्ट चोरी

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित सियाराम इंडस्ट्रीज में चोरो ने राइस मिल के भीतर लगी आधुनिक 'सोटेक्स मशीन' के कीमती कलपुर्जों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने मिल से सोटेक्स मशीन का वाटर मीटर, राइस सिफ्टर, मदरबोर्ड और कैमरा मशीन चोरी कर ली है।चोरी गई मशीनरी की कीमत करीब 90,000 आंकी गई है। प्रार्थी मनन रोहरा की शिकायत पर पुलिस ने नितेश राय, रोहित राय और सुनील राय तीनों निवासी विष्णुपुर, चंदौली, उ.प्र. के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। पुलिस को शक है कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से मिल में घुसकर इन कीमती पार्ट्स को निकाला है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

*अमले की कार्यक्षमता को अधिक सक्षम बनाना है मॉक ड्रिल का उद्देश्य*

## अग्नि हादसों से निपटने के लिये नगर निगम ने मार्केट में किया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्रीष्म ऋतु के दौरान बढ़ती अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर की घनी बस्तियों एवं शासकीय कार्यालयों में लगातार प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार शाम गुरुनानक वार्ड, बरही रोड स्थित व्यस्त एवं घने बाजार क्षेत्र गुरुनानक मार्केट के अंदर आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान काल्पनिक आग लगने की स्थिति निर्मित कर भगदड़ एवं आपदा के समय किए जाने वाले बचाव और राहत कार्यों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान गुरुनानक वार्ड की पार्षद श्रीमती पैरवी बिट्टू, एवं बी डी अग्रवाल वार्ड के पार्षद एडवोकेट मौसुफ बिट्टू द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर स्थानीय व्यवसायियों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई ।

निगम के फायर निरीक्षक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित राहत कार्यों की तैयारी को मजबूत करना तथा फायर अमले की कार्यक्षमता को बढ़ाना है।

मॉक ड्रिल की शुरुआत शाम 5:44 पर कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना देने के साथ हुई। सूचना मिलते ही 20 सेकंड के अंदर फायर कार्यालय को अलर्ट किया गया और तुरंत फायर वाहन रवाना किया गया। प्रशिक्षित टीम ने लगभग 3 से चार मिनट में मौके पर पहुंचकर 5:49 बजे राहत कार्य प्रारंभ कर दिया और 5:52 बजे तक लगाई गई काल्पनिक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

मॉक ड्रिल के उपरांत मार्केट की अन्य गलियों में फायर वाहन के पाइप को बिछाकर संसाधनों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। साथ ही स्थानीय व्यवसायियों को अग्नि दुर्घटना से बचाव एवं आपात स्थिति में सहयोग के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि फायर वाहन को तत्काल रास्ता देना, दुर्घटना स्थल से सुरक्षित दूरी बनाए रखना और अफवाहों से बचना अत्यंत आवश्यक है।

## विद्यार्थियों ने खेत का भ्रमण कर देखी कृषि पद्धतियां



विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम तेवरी में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर के खेत का क्षेत्रीय भ्रमण किया ।इस दौरान छात्रों ने उन्नत कृषि पद्धतियों का अवलोकन करते हुए जैविक खाद निर्माण, पशुपालन, डेयरी उद्योग, अश्वगंधा एवं चिया सीड की खेती, विभिन्न किस्मों के आम एवं आंवला के बगीचे तथा समन्वित कृषि प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।किसान पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर ने बताया कि वे आधुनिक खेती और पशुपालन के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 15 से 16 लाख रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी उन्नत खेती को देखकर सभी छात्र काफी प्रभावित हुए और सराहना की ।उल्लेखनीय है कि पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर को पूर्व में आधुनिक खेती के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया जा चुका है ।यह क्षेत्रीय भ्रमण ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह, नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति के सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया के मार्गदर्शन एवं परामर्शदाता विनोद सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परामर्शदाता अवधेश बैरागी, राम सिंह पटेल, आशीष तिवारी, द्विवेंदु यादव, इन्द्रजीत सिंह, आदर्श धुर्वे एवं छात्र मौजूद रहे।

## अवैध प्लाटिंग पर चली ननि की जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। निगम अमले ने शुक्रवार को नगर के दो स्थानों पर संचालित अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी मशीन चलाकर निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया। इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित कालोनी सेल एवं अतिक्रमण अमले की उपस्थिति रही।

कालोनी सेल अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बाल गंगाधर तिलक वार्ड के दो स्थलों ट्रांसपोर्ट नगर एवं साईं मंदिर के पीछे की गई इस कार्रवाई में बिना अनुमति विकसित किए जा रहे प्लॉटों को चिन्हित कर मौके पर पहुंची टीम ने निर्मित अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की।

#### जारी किये गये थे नोटिस

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध स्वीकृति के किसी भी प्रकार की प्लाटिंग करना नियमों के विरुद्ध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान संबंधित भू-मालिकों को पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कदम उठाया गया। निगम प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूमि या प्लॉट की खरीद-फरोख्त से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

निगम प्रशासन ने यह भी बताया कि शहर में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*वन विभाग एवं पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, किसने किया स्टॉक, जांच जारी*

## करेला गांव में एकत्रित 24 घन मीटर किया गया जब्त, अज्ञात पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

खितौली चौकी क्षेत्र के करेला गांव के वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का स्टॉक पाए जाने पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी और चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल की उपस्थिति में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए रेत को जब्त कर करेला कैंपस में सुरक्षित रखा। अब वन विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि रेत किसकी है और इसे किसने स्टॉक किया था। करेला गांव में कोई नदी नहीं है केवल एक नाला और पिपही नदी होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि बरामद रेत नाले की है या फिर आसपास की नदियों से लाकर यहां जमा की गई है।



#### तरह तरह की जनचर्चाएं

सूत्रों के अनुसार करेला सहायक वन परिक्षेत्र के आसपास पिपही नदी नैगवां जगुआ में कई महिनों से माफिया रेत निकालते आ रहे है। वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों की पर भी मूक सहमति मिलने के आरोप लगाये गये हैं। जनचर्चा है कि रेत का इतना बड़ा स्टॉक बिना वाहनों के संभव नहीं है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का परिवहन हुआ होगा फिर भी स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक कैसे नहीं लगी।

#### कार्यप्रणाली पर सवाल

गौरतलब है कि खितौली क्षेत्र में पिछले कई महीनों से अवैध रेत उत्खनन की खबरें सामने आती रही हैं और कई बार रेत से लोड ट्रैक्टरों पर कार्रवाई भी की जा चुकी है। इसके बावजूद वन क्षेत्र में रेत का स्टॉक मिलना जिम्मेदार विभागों के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। बरही और खितौली क्षेत्र में अवैध उत्खनन के चलते नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की गतिविधियों से पर्यावरण संतुलन बिगड़ सकता है और भविष्य में जल संकट जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। वन विभाग 24 घन मीटर रेत अज्ञात में मामला पंजीबद्ध कर लिया है मामले की जांच जा रही है।

### बाल गंगाधर तिलक वार्ड में 20 लाख से होगा विकास कार्य

## सुगम होगा आवागमन, सड़क डामलीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर के बाल गंगाधर तिलक वार्ड में शुक्रवार को लगभग 20 लाख से अधिक की लागत से सड़क डामरीकरण विकास कार्य का भव्य भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, एमआईसी सदस्यों की गरिमामय मौजूदगी में संपन्न हुआ।

बाल गंगाधर तिलक वार्ड की गली नंबर 7 लंबे समय से खराब स्थिति में थी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। डामरीकरण कार्य के पूरा होने से गली सुरक्षित और सुगम बनेगी। बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए यह सड़क दैनिक जीवन में राहत और सुविधा का कारण बनेगी।

महापौर श्रीमती सूरी ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल गंगाधर तिलक वार्ड की यह सड़क परियोजना नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र की समग्र संरचना सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी।।उन्होंने विशेष रूप से नागरिकों को आश्वस्त किया कि नगर निगम सभी विकास कार्यों में उनके सुझाव और अनुभवों को ध्यान में रखेगा। विकास केवल ईंट-सीमेंट का नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का नाम है। इसके तहत नगर निगम आने वाले समय में हर वार्ड में समान रूप से सड़क, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक और सुरक्षित बनाने का प्रयास करेगा।

नागरिकों की सुनी समस्यायें

भूमिपूजन उपरांत महापौर ने वार्ड का भ्रमण किया और नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सड़क, जल निकासी और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के मुद्दों पर लोगों से विचार विमर्श किया। वार्डवासियों ने अपनी समस्याएँ और सुझाव साझा किए, जिन्हें महापौर ने गंभीरता से सुना और उनका निवारण सुनिश्चित करने का भरोसा दिया।

क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से प्रतीक्षित थी और इसके पूरा होने से नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और आवागमन में सुधार होगा। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए महापौर श्रीमती सूरी, क्षेत्रीय पार्षद वंदना राजकिशोर यादव और नगर निगम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल ने न केवल उनकी दैनिक जीवन की समस्याओं को हल किया है, बल्कि वार्ड में सुधार और सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है।नागरिकों का उत्साह और संतुष्टि इस विकास कार्य की सफलता का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी,जयनारायण निषाद, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव एवं बड़ी संख्या में वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड अंतर्गत चाका स्थित कांच मंदिर में पहुंचकर भव्य दर्शन किए। उन्होंने नगर की समृद्धि, सुरक्षा और नागरिकों के मंगल की कामना की।

## ब्रांडेड के नाम पर बेची जा रही थी नकली बीड़ी, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पश्चित बंगाल की बीड़ी निर्माता अंजली ट्रेडिंग कंपनी के लीगल एडवाइजर की मौजूदगी में कोतवाली पुलिस ने शहर के कई थोक व्यापारियों की दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान कंपनी के ब्रांड नाम पर बेची जा रही नकली बीड़ी की बड़ी खेप जब्त की गई। साथ ही इंडोनेशिया की प्रतिबंधित ब्लैक सिगरेट के पैकेट भी बड़ी संख्या में बरामद हुए हैं। पूरे मामले में पुलिस जांच जारी है। जानकारी मे अंजली ट्रेडिंग कंपनी के लीगल एडवाइजर कुनाक कुमार घोष ने बताया कि उनकी कंपनी कैलकुलेटर नाम से बीड़ी का उत्पादन करती है,लेकिन कटनी जिले में उनके ब्रांड और मोनोग्राम का गलत इस्तेमाल कर नकली बीड़ी बनाई और बेची जा रही थी। इस मामले में पहले ही जबलपुर और दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा ऐसे कारोबार पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद कटनी में बड़े पैमाने पर नकली बीड़ी का निर्माण और बिक्री जारी थी। शिकायत मिलने पर वे कटनी पहुंचे और एसपी अभिनव विश्वकर्मा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर शहर के कई दुकानों और थोक विक्रेताओं के यहां छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में नकली बीड़ी का स्टॉक बरामद कर जब्त किया गया। इतना ही नहीं, छापेमारी के दौरान कुछ दुकानों से इंडोनेशिया में बिकने वाली प्रतिबंधित ब्लैक सिगरेट के पैकेट भी मिले, जिन्हें भारत में बेचना गैरकानूनी है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है आगे की कार्रवाई जारी है।

## खबर संक्षेप

### महेबा क्रेसर के पास चलती बाइक से गिरी महिला गंभीर घायल

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। महेबा क्रेसर के पास बने ब्रेकर के कारण चलती मोटर साइकिल से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मानकुवर पति श्याम सुंदर यादव (उम्र 40 वर्ष), निवासी अमानगंज, मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रही थीं। जैसे ही वाहन महेबा क्रेसर के पास पहुंचा, अचानक आए ऊंचे ब्रेकर के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में महिला को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अमानगंज डायल 112 स्टाफ, प्रधान आरक्षक जानकी एवं पायलट कैलाश मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर कर दिया। यह घटना शनिवार की दोपहर 11:00 से 12:00 के बीच की बताई जा रही है।

### प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं को मिला संगठन और विकास का मंत्र दिया बृजेंद्र प्रताप सिंह ने

**अजयगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (2026) भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक व्यापक सांगठनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधाराकृएकात्म मानववाद और अंत्योदयकृसे जोड़ते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को अनुशासित कार्यशैली, डिजिटल कौशल और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे आमजन तक इनका लाभ प्रभावी रूप से पहुँचा सकें।इसी क्रम में अजयगढ़ मंडल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने और संगठन को आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा मध्यप्रदेश सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है, जिसमें अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य है। इसी सोच के तहत अजयगढ़ क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य कराए गए हैं। अपने संबोधन के अंत में बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अजयगढ़ क्षेत्र में विकास की गति लगातार जारी रहेगी और हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### गुनौर में गैस के लिए हाहाकार

**गुनौर।** एक तरफ शासन और प्रशासन जिले में पर्याप्त एलपीजी (स्च्ळ) सिलेंडर होने के बड़े-बड़े दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ विधानसभा मुख्यालय गुनौर की सड़कों पर लगी ये लंबी कतारें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं। यहाँ श्उज्ज्वलाश के दौर में भी आम आदमी एक सिलेंडर के लिए दिन-भर मशक्कत करने को मजबूर है। **लाइन में बीत रहा दिन, फिर भी हाथ खाली-** गुनौर में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत अपने चरम पर है। जैसे ही गैस की गाड़ी पहुँचने की सूचना मिलती है।

एक साल पहले पेंच से नौरादेही अभ्यारण्य लाई गई, ग्रामीणों में दहशत, तेन्दूखेड़ा वन अमले ने ग्रामों में मुनादी कराकर किया सतर्क

# बाघिन मस्तानी ने तेन्दूखेड़ा के जंगल में डाला डेरा, 4 बीटों में मिली लोकेशन





टाइगर रिजर्व से नौरादेही लाई गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बीते वर्ष 4 फरवरी 2025 को पेंच टाइगर रिजर्व से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में छोड़ी गई बाघिन मस्तानी ने दूसरी बार फिर दमोह जिले की ओर अपना मूवमेंट कर लिया है। वह पिछले 2 दिन से तेंदूखेड़ा ब्लॉक के जंगलों में घूम रही है, जिसकी निगरानी और खोजबीन में पूरा वन अमला लगा हुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा लोगों को जंगल नहीं जाने का अलर्ट किया गया है बता दें कि 4 फरवरी 20256 को बाघिन मस्तानी एन 6 पेंच टाइगर रिजर्व में जंगली सूअर का शिकार करते समय कुएं में गिर गई थी। जिसका रेक्स्यू करने के बाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था। बाघिन नौरादेही अभ्यारण की रेंजों में लगातार शिकार करती रही लेकिन 20 दिन बाद वह तेंदूखेड़ा के जंगल में घूमती रही जिसके बाद एक सप्ताह तक क्षेत्र के जंगल में मूवमेंट करने के बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित उसे टाइगर रिजर्व में ले जाकर सुरक्षित छोड़ा गया उस समय वह पहली बार नौरादेही अभ्यारण्य से निकलकर झलौन तेंदूखेड़ा के जंगल में एक हफ्ते तक चहलकदमी करती रही उस समय अधिकारियों को लगा था कि बाघिन अब यही रुकेगी।

### बाधिन है जो एक साल पहले लाई गई थी

सूत्र बताते है कि वह मस्तानी नामक बाघिन है जो एक साल पहले ही पेंच टाइगर रिजर्व से नौरादेही लाई गई थी वह अपना स्थान बदलती रहती है एक साल पहले भी उसकी लोकेशन तारादेही वन परिक्षेत्र के जंगलों में थी फिर तेंदूखेड़ा और झलौन के जंगलों में मिल रही थी यह दूसरी बार है जब बाघिन नौरादेही अभ्यारण्य से निकलकर तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में मिल रही है। तेंदूखेड़ा वन विभाग को सूचना मिलते ही अलर्ट हो गया है उधर जानकारी लगते ही वन अमले द्वारा खोजबीन शुरू करने के साथ उन ग्रामों में मुनादी करानी शुरू कर दी है, जिनके पास लोकेशन मिल रहीं थी। देर रात तक तेंदूखेड़ा सहित आसपास का वन अमला बाघिन के होने की मुनादी तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के ग्रामो में करता रहा है।

यहां घूम रही है बाघिन एन-6

शनिवार की सुबह टाइगर रिजर्व से दमोह व तेंदूखेड़ा रेंज में सूचना मिली थी कि बाघिन एन 6 की लोकेशन तेंदूखेड़ा के जंगल में मिल रही है सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र का वन अमला बाघिन की निगरानी में लगा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बाघिन के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है सूत्रों अनुसार शनिवार को बाघिन एन-6 की लोकेशन तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के केवलारी धनगौर बहेरिया और तिपनी बीट में होना पाया गया है वन अमला चारों बीट से सटे ग्रामों में मुनादी कराने के साथ ही जंगल में गश्ती करता रहा जिससे बाघिन को किसी भी तरह का खतरा ना हो बाघिन की सूचना मिलते ही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का स्टॉफ भी वाहन के साथ मौजूद है, जो बाघिन की लोकेशन में लगा है।

*महुआ बीनने जंगल ना जाए*

क्षेत्र के जंगल में बाघिन होने की जानकारी जैसे ही गांवों में फैली तो ग्रामीण दहशत में आ गए है। वन विभाग द्वारा एक दर्जन ग्रामों में सतर्क रहने के लिए कहा गया है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण दहशत में है और रात 8 बजे के पहले ही अपने घरों में कैद हो जाते हैं। जंगलों में महुआ बीनने वालों ने भी जाना बंद कर दिया है। यहां के उमरिया, धनेटा, मोहड़, तिपनी, डुकरसता, घुटरिया, बगदरी बहेरिया धनगौर केवलारी सहित आसपास के ग्रामों के लोग सूरज ढलते ही घरों के दरवाजे बंद कर कैद हो जाते हैं और वन विभाग द्वारा जंगल में महुआ नहीं बीनने नहीं जाने की बात कहीं है।

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया गया बाघिन एन 6 है जो कि टाइगर रिजर्व तेन्दूखेड़ा क्षेत्र के जंगल में पहुंच चुकी है जिसकी खोजबीन में टीम लगी हुई है ग्रामों में मुनादी इसलिए कराई गई है क्योंकि कभी महुआ का सीजन चल रहा है और लोग महुआ बीनने के लिए अंधेरे में जंगल जाने लगते हैं लोगों से अपील है कि वह महुआ बीनने सुबह जाए और महुआ बीनने के साथ कुछ लोग एक साथ जंगल जाए एक दूसरे से बातें करते हुए क्योंकि बाघिन एन-6 खतरनाक है।

### ग्रामों में मुनादी कराई गई है

इस संबंध में तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने बताया कि सूचना मिली थी कि टाइगर रिजर्व से बाघिन एन 6 तेन्दूखेड़ा के जंगल में पहुंच चुकी है और 4 बीटों में लोकेशन होना पाया गया है सूचना मिलते ही टीम ने जंगल के अंदर बसें और सटे ग्रामों में मुनादी कराई गई है लोगों को सावधान रहने और बाघ बाघिन दिखाई देने की सूचना वन विभाग को देने कहा गया है साथ ही जंगल में महुआ बीनने सुबह जाने को कहा गया है वन विभाग की टीम अलर्ट है।

# भाजपा मंडल का प्रशिक्षण महाभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मडियादो में भाजपा मंडल का प्रशिक्षण महाभियान शुरू हुआ। पँडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के दो दिवसीय सत्र के पहले दिन भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे,पंडित सतीश तिवारी,प्रभारी पँडित लक्ष्मण तिवारी,वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति से रूबरू कराया और मंत्र दिए। वक्ताओं ने सभी को सम्बोधित किया और भाजपा सरकार की योजनाओं, पार्टी के कार्य ,गतिविधियों आदि से अवगत कराया। इस दौरान मड़यिादो मण्डल अध्यक्ष कमलेश चौदह, कैलाश अग्रवाल, विष्णु सोनी डॉ रामगोपाल सोनी, प्रदीप गुप्ता, संतोष अग्रवाल, अभिषेक जैन अंशुल छिरौ, बसंत अग्रवाल, केश कुमार दुबे, देवेंद्र तिवारी, बहोरन सिंह,के दार राजपाली, किशोर यादव, गुड्डा पौराणिक, भगवानदास राजपाली, सरपंच प्रतिनिधि रामकरण अहिरवार, मटरू अहिरवार, और भाजपा पदाधिकारी और क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मादो में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**मडियादौ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हटा ब्लाक की ग्राम पंचायत मादो में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत जागरूकता आयोजन किया गया। जिसमें नल जल योजना के पंप चालक का प्रशिक्षण, स्कूल आंगनवाड़ी के पेयजल का परीक्षण , एवं पेयजल स्त्रोतों के आसपास साफ सफाई हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया एवं जल शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मण सिंह लोधी,सचिव रामकिशुन मिश्रा के साथ ग्रामीणों की उपस्थिति रही। विभाग की ओर से कार्यपालन यंत्री अशोक मुकाती जिला सलाहकार ओमप्रकाश सरैया उपयंत्री देवेश गर्ग एवं विकासखंड समन्वयक अभिषेक राठौर की उपस्थिति रही। विभाग द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण, पानी की बचत आदि के विषय में जानकारियां दी गई।

# नोहटा में जल मंदिर की सौगात

## भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत



**बनवार।** तपती गर्मी के बीच नोहटा में आमजन और राहगीरों के लिए राहत भरी पहल सामने आई है। म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम नोहटा में “जल गंगा प्याऊ (जल मंदिर)” का शुभारंभ किया गया। इस पहल ने क्षेत्र में सेवा और संवेदना का संदेश दिया। नवांकुर संस्था स्व. श्री नन्हू सिंह पटेल समाजसेवी संस्था, जलहरी (विकासखंड जबेरा) द्वारा स्थापित इस प्याऊ का उद्घाटन गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिताजी भाव सिंह लोधी, राजा भैया लोधी, सुंदर आचार्य, श्रीमती ममता आदिवासी सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उद्घाटन अवसर पर भाव सिंह लोधी ने कहा कि भीषण गर्मी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा सेवा कार्य है। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान को समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव ने जानकारी दी कि यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है, जिसके तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और जल बचाओ को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि उद्घाटन के तुरंत बाद अतिथियों ने खुद राहगीरों को पानी पिलाकर सेवा कार्य की शुरुआत की, जिससे पूरे आयोजन में मानवीय संवेदना की झलक साफ दिखाई दी। इस अवसर पर घनश्याम सिंह लोधी, लोकेंद्र सिंह लोधी, सहोद्राबाई विश्वकर्मा, परसोत्तम दुबे, माधव प्रसाद यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में आभार प्रदर्शन मुल्तान सिंह लोधी द्वारा किया गया। गर्मी के इस दौर में नोहटा का यह “जल मंदिर” न सिर्फ प्यास बुझाएगा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की मिसाल भी बनेगा।

# लॉटरी द्वारा प्रवेश प्रक्रिया संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में कक्षा छठवीं एवं नवमी में सत्र 2026 -27 में प्रवेश हेतु प्रक्रिया लॉटरी द्वारा स कुशल संपन्न हुई , जिसमें कक्षा छठवीं के लिए रिक्त पद 40 के विरुद्ध 93 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें लॉटरी प्रक्रिया द्वारा 40 पर्चियां प्रवेश हेतु निकाली गई और 5 पर्चियां प्रतीक्षा सूची हेतु निकाली गई। कक्षा नवमी के लिए रिक्त पद 90 के विरुद्ध 218 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें लॉटरी द्वारा 90 पर्चियां प्रवेश हेतु निकाली गई और 10 पर्चियां प्रतीक्षा सूची हेतु निकाली गई। इसी के साथ कक्षा kg1 में 40 रिक्त पदों के विरुद्ध 50 आवेदन प्राप्त हुए और कक्षा पहली में रिक्त 10 पदों के विरुद्ध 21 आवेदन प्राप्त हुए। बहुत अधिक आवेदन प्राप्त न होने पर कक्षा kg1 एवं पहली के सभी छात्र छात्राओं के लिए प्रवेश हेतु पात्रता की स्वीकृति प्रवेश समिति द्वारा दी गई। उपरोक्त प्रक्रिया में सरपंच शिवलाल धुर्वे,SMDC सदस्य डुम्मन विश्वकर्मा, प्राचार्य संजय बाजपेयी, उप-प्राचार्य अजय सिंघई , प्रवेश समिति के सदस्य , छात्र छात्राओं के साथ लगभग 300 अभिभावकों की उपस्थिति रही। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची एवं प्रतीक्षा सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चश्पा की गई है।



मजदूरी करने गए पति-पत्नी कार्य करते वक्त पति को लगा करंट मजदूर की मौत तीन बच्चियों के सर से उठा पिता का साया

### लोहे का पाइप उठा रहे मजदूर को लगा करंट, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**अमानगंज।** नगर में शनिवार की दोपहर 12:00 बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मजदूरी करने गए एक युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जिससे उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पेंद्र पिता बिरजू कोरी (उम्र 34 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 14 अमानगंज, अपनी पत्नी के साथ नगर के वार्ड नंबर 14 में असाटी परिवार के मकान निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान जैसे ही उन्होंने लोहे का पाइप उठाया, वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से टकरा गया और पाइप में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आते ही पुष्पेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे तीन छोटी-छोटी बेटियां छोड़ गया है, जिनकी उम्र 2 वर्ष, 7 वर्ष और 10 वर्ष बताई जा रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी और पति-पत्नी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ति परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता और सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि मासूम बच्चियों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# हाई स्कूल मडियादो में बीएमओ ने दी एचपीवी वैक्सीन की जानकारी



**मडियादो।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़यिादो मे भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल हटा से बीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल ,बीइओ बिहारी विदोलया, प्राचार्य रवि दुबे सहित स्कूल शिक्षको सहित संकुल केंद्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीएमओ डॉ पटेल ने एचपीवी वैक्सीन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सर्वाइकल कैंसर से बचाव और लाभ के विषय मे बताते हुए 14 वर्ष की सभी किशोरी बालिकाओं को वैक्सीनेशन कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण बच्चियों को बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए है। इसके अलावा अभिभावकों को इस संबंध में जानकारी दी। इस जागृति अभियान के बाद शिक्षक छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ लेकर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मडियादो पहुंचे और एचपीवी वैक्सीन लगवाया। बता दे कि क्षेत्र में एचपीभी वैक्सीन की जानकारी फैलने के बाद अभिभावक अपनी बच्चियों को टीका लगवा रहे है।

आयोजित, अधिकारियों ने शिक्षक बनकर छात्रों को किया प्रेरित

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी अभियान “स्कूल चलें हम अभियान” के अंतर्गत 4 अप्रैल को विभिन्न शासकीय शालाओं में “भविष्य से भेंट” कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रेरित करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारी, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व एवं प्रबुद्ध जन विद्यालयों में पहुंचे और विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए कक्षा ली तथा अपने जीवन के अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों—जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी आदि—के बारे में चर्चा की गई तथा उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



विकासखंड के अंतर्गत नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित पीएमश्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बम्होरी पांजी में भी कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड शिक्षक के सी सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री भी स्वैच्छिक रूप से वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा दुबे शिक्षको मै रवि लोधी, श्रीमती मीना नामदेव, श्रीमति दुर्गेश दुबे, श्रीमती रुक्मणी ठाकुर, श्रीमती रितु श्रीवास एवं श्रीमती रजनी लोधी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि “स्कूल चलें हम अभियान” 1 से 4 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तथा विद्यार्थियों को एक बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

# यह संपूर्ण जगत ब्रह्म से निकला है और ब्रह्म में ही समाहित हो जाता है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित पुरुषोत्तम लाल विश्वकर्मा के निवास पर कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने श्रीमद् भागवत मूल पाठ के दौरान श्रोताओं से प्रसंगवस बताया कि श्रीमद् भागवत में राजर्षि भरत की कथा आती है जिसमें उनका राजा रहूगण से विशेष संवाद हुआ है जिसमें राजर्षि भरत राजा रहूगण को आत्मज्ञान की शिक्षा देते हैं। एक बार राजा रहूगण सत्संग करने के लिए भगवान कपिल मुनि के आश्रम पालकी पर बैठकर के जा रहा है तब उसने कहारों को कहा कि पालकी संभलकर सावधानी के साथ क्यों नहीं चलाते कहारों ने उत्तर दिया । महाराज हम तो सावधानी के साथ चल रहे हैं किंतु यह नया कहार हमारे चलने में विघ्न पैदा करता है। इसके पैर रह-रह कर डगमगा उठते हैं। राजा रहूगण ने जड़भरत को सावधान करते हुए कहा तुम ठीक से क्यों नहीं चलते देखने में तो हट्टे-कट्टे मालूम होते हो क्या पालकी लेकर ठीक से चला नहीं जाता? सावधानी से मेरी आज्ञा का पालन करो नहीं तो दंड दूँगा रहूगण का कथन सुनकर जड़भरत मुस्करा उठे उन्होंने मुस्कराते हुए कहा आप शरीर को दंड दे सकते हैं पर मुझे नहीं दे सकते। मैं शरीर नहीं आत्मा हूँ। मैं दंड और पुरस्कार दोनों से परे हूँ। दंड देने की तो बात ही क्या आप तो मुझे छू भी नहीं सकते। जड़भरत की ज्ञान भरी वाणी सुनकर रहूगण विस्मय की लहरों में डूब गए उन्होंने आज्ञा देकर पालकी नीचे रखवा दी पालकी से उतरकर कहा महात्मन मुझे क्षमा कीजिए। कृपया बताइए आप कौन हैं कहीं आप वे कपिल मुनि ही तो नहीं हैं जिनके पास मैं आत्मज्ञान की शिक्षा लेने जा रहा था, जड़भरत ने उत्तर दिया राजन मैं न तो कपिल मुनि हूँ और न कोई ऋषि हूँ मैं पूर्वजन्म में एक राजा था। मेरा नाम भरत था मैंने भगवान श्रीहरि के प्रेम और भक्ति में घर-द्वार छोड़ दिया था। मैं हरिहर क्षेत्र में जाकर रहने लगा था किंतु एक मृग शिशु के मोह में फँसकर मैं भगवान को भी भूल गया मृगशिशु का ध्यान करते हुए जब शरीर त्याग किया तो मृग का शरीर प्राप्त हुआ. मृग का शरीर प्राप्त होने पर भी भगवान की अनुकंपा से मेरा पूर्व जन्म का ज्ञान बना रहा मैं यह सोचकर बड़ा दुःखी हुआ कि मैंने कितनी अज्ञानता की थी एक मृगी के बच्चे के मोह में फँसकर मैंने भगवान श्रीहरि को भुला दिया था। राजन जब मैंने मृग शरीर का त्याग किया तो मुझे यह शरीर प्राप्त हुआ यह शरीर प्राप्त होने पर भी मेरा पूर्व-जन्म का ज्ञान बना रहा मैं यह सोचकर कि मेरा यह जन्म व्यर्थ न चला जाए अपने को छिपाए हुए हूँ मैं दिन-रात परमात्मारूपी आत्मा में लीन रहता हूँ मुझे शरीर का ध्यान बिलकुल नहीं रहता। राजन इस जगत में न कोई राजा है न प्रजा न कोई अमीर है, न कोई ग़रीब न कोई कृषकाय है न कोई स्थूलकाय न कोई मनुष्य है न कोई पशु सब आत्मा ही आत्मा हैं। ब्रह्म ही ब्रह्म हैं राजन मनुष्य को ब्रह्म की प्राप्ति के लिए ही प्रयत्न करना चाहिए यही मानव-जीवन की सार्थकता है यही श्रेष्ठ ज्ञान है और यही श्रेष्ठ धर्म है। रहूगण जड़भरत से अमृत ज्ञान पाकर तृप्त हो गए उन्होंने जड़भरत से निवेदन किया महात्मन मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। जड़भरत ने उत्तर दिया राजन जो मैं हूँ वही आप हैं न कोई गुरु है न कोई शिष्य सब आत्मा हैं ब्रह्म हैं। जड़भरत जब तक संसार में रहे अपने आचरण और व्यवहार से अपने ज्ञान को प्रकट करते रहे जब अंतिम समय आया तो चिरनिद्रा में सो गए ब्रह्म में समा गए। यह सारा जगत ब्रह्म से निकला है। और ब्रह्म में ही समा जाता है ब्रह्म की इस लीला को जो समझ पाता है, उसी को जगत में सुख और शांति प्राप्त होती है। श्रीमद् भागवत मूल पाठ प्रतिदिन प्रात 8:00 बजे से दिन में 3:00 बजे तक होगा मूल पाठ एवं कथा श्रवणार्थ समस्त भक्तों से उपस्थित का आग्रह किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक सवारों को कुचला

**अमानगंज।**

नगर के सबसे व्यस्त गांधी चौक पर शनिवार को सुबह लगभग 10 से 11रू00 के बीच तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दो बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक सड़क किनारे बाइक पर खड़े थे, तभी अचानक तेज गति से आए ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान संजू आदिवासी (32 वर्ष), पिता छंगा आदिवासी, निवासी वार्ड नंबर 3 अमानगंज तथा गौरव नामदेव (32 वर्ष), पिता मनोज नामदेव, निवासी रीवा के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद संजू आदिवासी की हालत गंभीर होने पर उसे कटनी रेफर कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### ट्रक-दुपहिया भिड़ंत में दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

**दमोह**। पथरिया मार्ग पर रफ्तार के कहर के साथ रसोई गैस किल्लत के हालत में दो युवकों की जीवन लीला समाप्त हो जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। बताया जा रहा है कि ट्रक से टक्कर के बाद दुपहिया वाहन सवार चचेरे भाई ट्रक में फस कर रह गए वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह पथरिया मार्ग पर कोपरा नदी के खोजा खेड़ी पुल के पास गुरुवार देर रात दोपहिया सवार दो युवक सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गए। हादसे के वक्त स्पीड का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोपहिया सवार ट्रक में फंस कर रह गए वही ट्रक चालक इनकी मदद करने के बजाए मौके से फरार हो गया। बाद में घटना की सूचना लगने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और ट्रक में फंसे युवकों को निकाल कर जिला अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी डॉक्टर ने चेकअप उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान जय 18 वर्ष पिता संदीप श्रीवास्तव, निवासी दमोह (क्रोमा कपड़ा दुकान के सामने) तथा प्रबल 17 वर्ष पिता प्रदीप श्रीवास्तव निवासी पथरिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रसोई गैस किल्लत के चलते यह दोनों चचेरे भाई पथरिया से गैस सिलेंडर लेकर दमोह आए थे वहीं दोपहिया वाहन से वापस लौटते समय दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। हादसे की जानकारी लगने पर देर रात मृतकों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल बना रहा।

### बाइक सवार गहरी खाई में गिरे, एक की मौत, तीन घायल

**दमोह**। पथरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर रोड पर शाहपुर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। शनिवार दोपहर, लगन समारोह में शामिल ग्राम जगथर, पथरिया जा रहे चार बाइक सवार गहरी खाई में गिर पड़े। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को तुरंत 112 की मदद से पथरिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने विपिन अहिरवार नामक युवक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में घायल अनीता, प्राची और निकिता को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक की पहुंचान विपिन अहिरवार, निवासी साईखेड़ा के रूप में हुई है। हादसे में अनीता, प्राची, निकिता घायल हुई है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है और पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मगरोन थाना के धुमा गांव की घटना

# मछली पकड़ने जा रहे मामा भांजे की करंट लगने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग हटा के मगरोन थाना अंतर्गत आने वाले धूमा गांव में शनिवार दोपहर नदी में मछली पकड़ने जा रहे मामा भांजे को करंट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया और मामले को जांच में लिया है। मृतकों की पहचान अभिषेक पिता महादेव रैकवार 17 निवासी बगरोदा थाना बक्सवाहा और अस्सु पिता करण रैकवार 22 निवासी धूमा के रूप में हुई है दोनों रिश्ते में मामा भांजे हैं। मृतक आशु रैकवार के भाई लखन रैकवार ने बताया कि शनिवार को हमारा भाई अस्सु और भांजा अभिषेक गेहूं की रखवाली करने के लिए गए थे। पास में सुनार नदी है जहां दोनों मछली पकड़ने चले गए। वहां गिरधारी पटेल, लखन पटेल ने बताया कि मामा, भांजे गेहूं की रखवाली करने गए थे, लेकिन पास में ही सुनार नदी है जहां वह जाल लेकर मछली पकड़ने जा रहे थे, लेकिन नदी के पहले खेत पार करते समय यह हादसा हो गया। भांजा अभिषेक शुक्रवार को ही गांव आया था और शनिवार को इस हादसे में उसकी मौत हुई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फतेहपुर चौकी प्रभारी एएसआई आरएस ठाकुर घटनास्थल पहुंचे और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया अस्सु और अभिषेक दोनों मछली पकड़ने जा रहे थे। गिरधारी के खेत में करंट लगने से उनकी मौत हो गई। जैसे ही उन्हें सूचना मिली वह मौके पर पहुंचे मर्ग कायम कर मामले में जांच की जा रही है। घटना में जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी।

मृतक अस्सु के पिता करण रैकवार का कहना है कि उनका नाती और बेटा खेती देखने जा रहे थे। गिरधारी पटेल ने खेत में तार फैलाया था और तार में कहीं कट लगा था बच्चों ने जैसे ही तार पकड़ा करंट लगने से उनकी मौत हो गई। उनकी मांग है कि गिरधारी पर कठोर कार्रवाई की जाए क्योंकि उनके घर के दो बच्चों की मौत हुई है। भांजा अभिषेक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं मृतक अस्सु दूसरे नंबर का पुत्र है वह भी तीन भाई थे।

### माझी समाज ने की कार्यवाही की मांग

**दमोह**। जिला रैकवार, केवट बर्मन धुरिया कहार निषाद बाथम माझी, भोई, मल्लाह ढीमर समाज के दमोह के माथे राकेश धुरिया, माझी समाज जिला दमोह के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोंटी रैकवार, शहर जिला अध्यक्ष राकेश रैकवार,हटा ब्लाक के अध्यक्ष बृजेश बर्मन, समाज के माथे राहुल रैकवार ने हटा में माझी समाज के दो युवा साथी अभिषेक रैकवार और अस्सू रैकवार जो नदी में मछली पकड़ने जा रहें थे लेकिन खेत में खेत के मालिक के द्वारा करेंट लगाकर रखा हुआ था। जिस कारण हमारे माझी समाज के दो होनहार युवाओं की असमय मृत्यु होना समाज और परिवार के लिए पीड़ादायक है। हटा क्षेत्र में जो किसान है वह अपने खेतों में इसी तरह करेंट फैलाएं हुए हैं। जिससे लगातार करेंट से मौत हो रही है। पूर्व में भी माझी समाज के एक युवा की करेंट लगने से मौत हो चुकी है। माझी समाज जिला दमोह की मांग है कि खेत मालिक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की गई है।

# जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज़ एक दिन में 441 बालिकाओं का टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे HPV टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज 22 स्थानों पर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कुल 441 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। यह अभियान पूरे देश में संचालित हो रहा है, जो आगामी 3 माह तक जारी रहेगा। वर्तमान में मध्य प्रदेश इस अभियान में प्रथम स्थान पर है। जिला टीकाकरण अधिकारी विक्रांत सिंह चौहान ने बताया HPV का टीका पूर्णतः सुरक्षित है और अब तक विश्व के 165 देशों में 50 करोड़ से अधिक बालिकाओं को यह टीका (Gardesil) लगाया जा चुका है। भारत में इस अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 से हुई है। दमोह जिले में अब तक सभी विकासखंडों में कुल 370 सत्र आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 3783 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया है। ज्ञात हो कि अब तक जिले या प्रदेश में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल प्रतिक्रिया की कोई शिकायत सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया आज का टीकाकरण अब तक का सर्वाधिक रहा। यह टीका जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं कोल्ड चेन पॉइंट्स पर उपलब्ध है। विकासखंडवार प्रगति इस प्रकार है। इनमें बटियागढ़ः 395, हटाः 523, जबेराः 476, पटेराः 338, पथरियाः 510 एवं तेंदूखेड़ाः 621 इस प्रकार जिले में कुल 14,336 बालिकाओं को यह टीका लगना हैं।

## जनपद सीईओ ने हाईस्कूल बंधा में बच्चों से किया संवाद



**दमोह**। "प्रवेशोत्सव" एवं "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम के तहत हटा विकासखंड के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल बंधा में जनपद पंचायत सीईओ संजीव गोस्वामी पहुंचे। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं से संवाद किया। सीईओ श्री गोस्वामी ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा संतुलित और अच्छा खान-पान अपनाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर राजेश पाराशर, सरपंच प्रतिनिधि हल्लू अहिरवार, सचिव परसराम पटेल, विद्यालय प्राचार्य डी.के. धुर्वे सहित समस्त शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम हुआ आयोजित



**पटेरा**। संदीपनि ने विद्यालय पटेरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत शासन के आदेश अनुसार भविष्य से भेंट और हार के आगे जीत है। कार्यक्रम मनाया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कमलेश शर्मा द्वारा बताया गया कि भविष्य में आपको कैसे अपना कार्य करना है कैसे पढ़ाई करनी है और कैसे आगे बढ़ना है और नियमित स्कूल आकर अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें और आगे बढ़े। विद्यालय के प्राचार्य विवेक नेमा द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विवेक नेमा, प्राचार्य कमलेश शर्मा, रामेश्वर प्रजापति, एहसान खान, बी डी नामदेव, सुदीप शुक्ला, हरेंद्र राजपूत, बादशाह खान, निरंन लोधी, निशांत पटेल, मीनाक्षी दुबे, नीता असाटी, रश्मि तिवारी, मंजू पटेल आदि समस्त शिक्षक एवं आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अचानक बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

### कटाई से पहले बारिश का खतरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम में अचानक आए बदलाव और लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। विशेष रूप से उन किसानों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिनकी गेहूं की फसल अभी खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी है। शनिवार सुबह से हुई बारिश ने नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को गहरी चिंता में डाल दिया है। स्थानीय किसान महेश कुमार, बेड़ीलाल एवं पूरन साहू सहित अनेक किसानों ने बताया कि बीते एक-दो वर्षों से वे पहले ही आर्थिक संकट और प्राकृतिक परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में फसल कटाई के समय हो रही बारिश उनके लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला इसी प्रकार जारी रहा तो गेहूं की फसल को भारी नुकसान हो सकता है, जिससे उनकी आय पर गंभीर असर पड़ेगा। किसानों ने यह भी बताया कि गेहूं की फसल इस समय पूरी तरह तैयार है और कटाई के लिए उपयुक्त स्थिति में है, लेकिन बारिश के कारण कटाई कार्य बाधित हो रहा है। इससे न केवल उत्पादन प्रभावित होगा, बल्कि फसल की गुणवत्ता में भी गिरावट आने की आशंका है। किसानों का कहना है कि लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। यदि समय रहते राहत नहीं मिली, तो उनके लिए परिवार का भरण-पोषण करना भी कठिन हो जाएगा।

## पटेरा में होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन

**दमोह**। पटेरा नगर की धरा पर आगामी दिवसों में होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नगर के संकट मोचन मंदिर में श्रीमज्जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध पीठ रनेह के सानिध्य में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त लोगो के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि पुरानी अस्पताल प्रांगण पटेरा में नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य आयोजन दिनांक 28 अप्रैल से 6 मई तक चलेगा। श्रीमज्जगतगुरू जी ने कहा कि यज्ञ का धार्मिक के साथ ही वैज्ञानिक महत्व भी बताया। मंत्र ध्वनि, हवन सामग्र, हवन समिधा सबका अपना अपना एक अलग महत्व है। स्थान यज्ञ सनातन धर्म की सबसे प्राचीन परंपरा है। लेकिन आज कलयुग के प्रभाव से यज्ञ लुप्त होते जा रहे हे। ओर इतिहास साक्षी है असुरों ने सबसे पहले यज्ञ बंद कराए ताकि आसुरी शक्तियाँ बलवान हो सके। इसलिए हम सबको मिलकर यज्ञ करते रहना चाहिए। यह यज्ञ श्रीमज्जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध पीठ रनेह मध्यप्रदेश बालों के पावन सानिध्य में होगा। समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



## बिजली चोरों पर शिकंजाः 75 घरों की जांच, 35 केस दर्ज, लाखों की वसूली तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शहर में बढ़ते लाइन लॉस पर लगाम कसने के लिए बिजली विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के दक्षिण संभाग दमोह द्वारा यह विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसने बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा दिया। कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू के निर्देशन में 6 टीमों द्वारा नूरी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान कुल 75 घरों की जांच की गई, जिसमें 35 स्थानों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। मौके पर 35 मकानों से उपयोग में जी रही रही अवैध तार को जप्तर कर न्याईयालीन कार्यवाही हेतु जप्ती में लिया गया। इस दौरान विभाग द्वारा वीडिया एवं फोटाग्राफी कराकर इन्हैं चिन्हित किया गया। बिजली विभाग की कार्यवाही से लोग बचते नजर आए बिजली चोरी करने वाले मौके से अपने मकानों में ताला लगाकर फरार हुये इनके विरूद्ध भी विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही की जा रही है। जांच में सामने आया कि कई उपभोक्ता खपत कंट्रोल करने के लिए अलग से केबिल डाले हुए है इसकी प्रकार कई उपभोक्ताज तारों में कट लगाकर और पोल से अवैध कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए सभी मामलों में प्रकरण दर्ज किए। इन उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 और 138 के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा 7 लाख रुपये से अधिक की रिकवरी निर्धारित की गई है। इस सघन चैकिंग अभियान में कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू , सहायक अभियंता राघवेंद्र इडिपाचे, कनिष्ठ अभियंता अजीत पटेल , शिवानी गुप्ता और पूजा खोब्रागड़े सहित विभागीय स्टाफ लाइनमेन और आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू ने स्पष्ट किया कि लाइन लॉस कम करने और राजस्व हानि रोकने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे सख्त अभियान लगातार जारी रहेंगे। बिजली विभाग की अपील आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अवैध बिजली उपयोग से बचें और समय पर बिल का भुगतान करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# कमरे में रखी अवैध शराब की शिकायत, पुलिस ने कमरे को किया सील

### संगठन के सदस्यों ने लगाया आरोप कहा कि शराब ठेकेदार दूसरी जगह दुकान शिफ्ट होने के पहले ही बेची जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



ब्लॉक स्थित झलौन गांव में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने एक कमरे में रखी शराब को अवैध बताते हुए पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे को सील कर दिया। यह घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है, जिसका वीडियो शनिवार दोपहर सामने आया संगठन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शराब ठेकेदार द्वारा दूसरी जगह दुकान शिफ्ट होने से पहले ही एक कमरे में अवैध शराब रखकर बेची जा रही थी। संगठन के सदस्य चंद्र प्रताप ने बताया कि झलौन में पुरानी शराब दुकान अभी तक शिफ्ट नहीं हो पाई है, जिसे आबकारी विभाग ने पहले ही सील कर दिया था चंद्र प्रताप के अनुसार, नई जगह पर दुकान खोलने में कुछ आपत्तियां सामने आई हैं, हालांकि वहां बोर्ड और काउंटर बन गए हैं। उन्होंने दावा किया कि ठेकेदार के कार्यालय में यह शराब छिपाकर रखी गई थी और बेची जा रही थी। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार को अभी शराब बेचने की अनुमति नहीं थी, केवल परिवहन की अनुमति थी संगठन के सदस्यों ने कहा कि नए ठेके के स्थानांतरण के दौरान आबकारी विभाग स्वयं दुकान शिफ्ट कराता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया गया। उनका दावा है कि यह पूरी शराब अवैध रूप से रखी गई थी। हालांकि, आबकारी विभाग ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा है कि शराब लाइसेंसी है और अवैध नहीं है। मौके पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा और शराब दुकान के कर्मचारियों से विवाद की स्थिति भी बनी संगठन के लोगों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंची और संगठन के लोगों के कहने पर कमरे को सील किया गया पुलिस का कहना था कि शराब जप्त करने का अधिकार उनके पास नहीं है।

इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे का कहना है कि ठेकेदार ने नई दुकान खोली है। संगठन के लोग जबरदस्ती वहां जाकर हल्ला गुल्ला कर रहे थे। जब कोई ठेकेदार नई दुकान खुलता है तो जमने में समय लगता है। बोर्ड लगाएगा दुकान खोलेगा। शराब पूरी तरह वेध है अवैध शराब नहीं है। शराब ठेकेदार को शुक्रवार सुबह ही लाइसेंस मिला है। दूसरी जगह पर जो दुकान खुल रही है उसको जमाने में कुछ समय लगेगा।

# पति ने पत्नी को पीटा

**बनवार**। दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के ग्राम घुटकुआ में शुक्रवार रात घरेलू विवाद के दौरान एक पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल गोरा बाई ने बताया कि उसका पति बलबंत सिंह रात करीब 10 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा और डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में उसे सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। घायल महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति के किसी अन्य महिला के साथ संबंध हैं, जिसके चलते वह पिछले कई वर्षों से उसके साथ मारपीट करता आ रहा है। महिला ने बताया कि उसकी शादी लगभग 10 वर्ष पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। बीते चार वर्षों से पति के व्यवहार में बदलाव आया है और आए दिन विवाद के बाद मारपीट की घटनाएं हो रही हैं।

घटना की जानकारी मिलने पर सास मौके पर पहुंचीं, जहां उन्होंने बहू को बेहोशी की हालत में पाया। इसके बाद तत्काल उसे जिला अस्पताल लाया गया। वहीं, सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस से पति को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।